एक नजर में

समर कैंप में निखर रही बच्चों की प्रतिभा

देवास। मक्सी रोड पर तुलजा विहार कॉलोनी स्थित सतपुड़ा एकेडमी द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान समर कैंप का आयोजन सफलता पूर्वक किया जा रहा है। समर कैम्प में शहर के 35 से अधिक विभिन्न विद्यालयों के 400 से अधिक बच्चों को नृत्य, म्यूजिक, चित्रांकन, आर्ट्स एंड क्राप्ट, स्केटिंग, मार्शल आर्ट, योग, क्रिकेट, फुटबॉल, साप्टबाल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, बॉक्सिंग, सिलाई कढ़ाई, ज्वैलरी मेकिंग सहित विभिन्न कलाओं का योग्य प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला खेल अधिकारी सुश्री सेना गडरिया, जिला खेल समन्वय अधिकारी जावेद पठान, समाजसेवी मनीष जैन ने समर कैम्प में चल रही विभिन्न विधाओं का अवलोकन कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री गडरिया ने बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए कहा, कि इस प्रकार के शिविर बच्चों को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। संस्था सतपुड़ा एकेडमी में अनुशासन के साथ संस्कारित वातावरण में बच्चों को विभिन्न कलाओं एवं खेल विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा जो सराहनीय है। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी ने समर कैंप में भाग ले रहे प्रतिभागियों से व्यक्तिगत रूप से संवाद किया और उनके प्रशिक्षण की जानकारी ली। समाजसेवी श्री जैन (कायथा वाला) ने कहा, कि ऐसे शिविर न केवल विद्यार्थियों की रूचियों को पहचानने में सहायक होते हैं, बल्कि उन्हें अनुशासन, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास भी सिखाते हैं। उन्होंने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है और आने वाली पीढ़ी को मजबूत आधार प्रदान करती है। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत संस्था संचालक भानुप्रतापसिंह सेंधव, प्राचार्य वीएस जाब ने स्मृति चिन्ह, पुष्पगुच्छ, श्रीफल भेंट कर किया। अतिथि परिचय एवं कार्यकम का संचालन दिनेश सांखला ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण, स्कूली स्टाफ उपस्थित था।

स्लम क्षेत्र और वार्ड 15-16 का किया निरीक्षण

देवास। स्वच्छता सर्वेक्षण-2026 को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त दलीप कुमार ने मंगलवार को शहर के स्लम क्षेत्रों एवं वार्ड 15 व 16 के साथ विभिन्न वार्डों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने स्वच्छता सर्वेक्षण मानक स्तर पर स्वच्छता की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने दरोगा एवं सफाई मित्रों से सीधा संवाद कर जमीनी हकीकत जानी। कई स्थानों पर नालियों में तथा खुले स्थानों पर कचरा तथा गाजर घार पाए जाने पर स्वच्छता निरीक्षक को तत्काल सफाई करवाये जाने के साथ ही नालियों की सफाई पर विशेष फोकस दिए जाने तथा वार्ड मे किए जा रहे सफाई कार्यों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने वार्ड 15 एवं 16 के सार्वजनिक शौचालयों का भी निरीक्षण किया। आयुक्त ने वार्ड दरोगाओं और स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देश दिए कि स्लम क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। गीला-सूखा कचरा अलग-अलग एकत्रित करने, नालियों की नियमित सफाई और कचरा संग्रहण वाहनों की समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु कहा। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन 100 प्रतिशत करने तथा रहवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कचरा संग्रहण वाहनों में साफ सफाई रहे इस हेतु वाहनों की धुलाई एवं रंगाई पुताई तथा मेंटेनेंस किए जाने के निर्देश वाहन अधिकारी को दिए।

लोहारदा में ठेकेदारों का अवैध शराब सिंडिकेट

एक लाइसेंस से दर्जनों ठिकानों पर हो रहा धंधा

देवास/लोहारदा। क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार अब खुलेआम सिस्टम बन चुका है। शराब ठेकेदार एक जगह का वैध ठेका लेकर पूरे लोहारदा इलाके में ढाबों, गुमटियों और दुकानों के जरिए शराब बिकवा रहे हैं। यह धंधा इतना संगठित है कि बिना किसी डर के गांव-गांव तक सप्लाई की जा रही है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि ठेकेदारों ने अवैध कारोबार को छुपाने के लिए डायरी सिस्टमलागू कर रखा है। जिन छोटे दुकानदारों के पास यह डायरी है, वे उसे ही लाइसेंस मानकर शराब बेच रहे हैं। जबकि नियम साफ कहते हैं कि केवल अधिकृत दुकानों से ही शराब की बिक्री की जा सकती है। स्थानीय लोगों के अनुसार लोहारदा क्षेत्र में कोई शासकीय शराब ठेका संचालित नहीं है। ठेका केवल कांटाफोड़ में स्वीकृत है, इसके बावजूद लोहारदा, दानी, लालखेड़ी, कोटखेड़ा, भेसुन, लहकी, पलासी सहित आसपास के क्षेत्रों में कथित रूप से खुलेआम शराब बिक्री की शिकायतें सामने आ रही हैं। रोड़ किनारे और ग्रामीण क्षेत्रों के ढाबों पर अंदर बाकायदा बैठाकर शराब परोसी जा रही है। गुमटियों और छोटे दुकानों में भी खुलेआम क्वार्टर बेचे जा रहे हैं। यह स्थिति साफ इशारा करती है कि बिना स्थानीय स्तर पर मिलीभगत के इतना बड़ा नेटवर्क चलना संभव नहीं है।

ठेकेदार खुद कर रहे सप्लाई

सूत्रों के अनुसार ठेकेदार खुद रोजाना अलग-अलग ठिकानों तक शराब पहुंचा रहे हैं। इससे सरकारी दुकानों से ज्यादा बिक्री इन अवैध पॉइंट्स पर हो रही है। गांवों में यह नेटवर्क इस कदर फैल चुका है कि हर गली-मोहल्ले में शराब आसानी से उपलब्ध हो रही है।

सस्ते में सप्लाई और जमकर मुनाफा

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ठेकेदार थोक में सस्ती दरों पर शराब देकर अवैध विक्रेताओं को जोड़ रहे हैं। इसके बाद यही शराब गांवों और ढाबों में ऊंचे दामों पर बेची जाती है, जिससे हर पेटी पर मोटा मुनाफा कमाया जा रहा है। इस लालच ने पूरे नेटवर्क को और मजबूत कर दिया है।

शिकायतें बहुत, लेकिन कार्रवाई नाम मात्र की

स्थानीय लोगों द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन पुलिस और आबकारी विभाग की कार्रवाई सिर्फ दिखावे तक सीमित नजर आ रही है। कभी-कभार छोटी कार्रवाई कर मामला दबा दिया जाता है, लेकिन असली सप्लायर और ठेकेदारों पर हाथ नहीं डाला जा रहा।

सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब यह पूरा नेटवर्क खुलेआम चल रहा है, तो जिम्मेदार विभाग अनजान कैसे हैं? क्या यह सब उनकी जानकारी के बिना संभव है, या फिर किसी के संरक्षण में यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है।

अगर समय रहते इस सिंडिकेट पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो लोहारदा क्षेत्र में यह अवैध शराब का जाल और ज्यादा फैल सकता है, जिससे कानून व्यवस्था और सामाजिक माहौल दोनों पर गंभीर असर पड़ना तय है।

पंडित संजय पौराणिक का भव्य स्वागत और सम्मान

देवास। यातायात सलाहकार समिति के द्वारा पंडित संजय पौराणिक को भारत तिब्बत समन्वय समिति में देवास जिले के मानव अधिकार विभाग संयोजक एवं योग एवं शिक्षा विभाग का जिला संयोजक नियुक्त किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया।

समिति अध्यक्ष यशवंत तिवारी के नेतृत्व में सदस्यों ने मिठाई वितरित कर खुशी मनाई तथा पुष्प मालाओं से पंडित संजय पौराणिक का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। उपस्थित सदस्यों ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं देते हुए संगठन में नई ऊर्जा के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर पंडित संजय पौराणिक ने सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे मानव अधिकार, योग एवं शिक्षा के क्षेत्र में समाज हित में समर्पित भाव से कार्य करेंगे।

ट्रैफिक विभाग की सख्ती, पीयूसी नहीं मिलने पर चालान काटे

खुले बटन पर चालकों को दी समझाइश

देवास। कलेक्टर के निर्देश पर ट्रैफिक विभाग ने मक्सी चौराहे पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। गुरुवार को हुए इस अभियान के दौरान यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के लिए यात्री बसों सहित अन्य वाहनों की सघन जांच की गई। टीम ने देवास से मक्सी जाने वाले और मक्सी की ओर से आने वाले वाहनों को रोककर उनके दस्तावेजों की जांच की। जांच के दौरान कई वाहनों में पीयूसी (प्रदूषण प्रमाण पत्र) नहीं मिला, जिसके बाद उन पर चालानी कार्रवाई की गई।

खुले बटन देखकर चालक को टोका

अभियान के दौरान बस चालकों और परिचालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। उन्हें निर्धारित वर्दी पहनने और सुरक्षित तरीके से बस संचालन करने के निर्देश भी दिए गए। ट्रैफिक थाना प्रभारी पवन बागड़ी अपनी टीम के साथ अभियान में मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने एक बस चालक की वर्दी के खुले बटन देखकर खुद उन्हें बंद करवाया और चालक को अनुशासन व नियमों का पालन करने की हिदायत दी। ट्रैफिक विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इसी तरह के अभियान चलाकर यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

देवास के गांव में पहाड़ी पर बनाई 350 कंटूर ट्रेंच

जल गंगा अभियान से हर साल 20 लाख लीटर वर्षाजल संचयन का लक्ष्य

देवास। ग्राम पंचायत मोरूखेड़ी ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। जनपद पंचायत देवास के अंतर्गत आने वाली इस पंचायत ने जनभागीदारी से अपनी पहाड़ी पर कंटूर ट्रेंच का निर्माण कार्य शुरू किया है। इस परियोजना के तहत पहाड़ी के लगभग एक हेक्टेयर क्षेत्र में 350 कंटूर ट्रेंच बनाई हैं।

इन ट्रेंचों के माध्यम से प्रतिवर्ष लगभग 13 लाख लीटर वर्षा जल का संचय किया जा सकेगा, जिससे पानी की बर्बादी रुकेगी। कंटूर ट्रेंच के अलावा, ग्राम पंचायत में जल संरक्षण के लिए कई अन्य संरचनाएं भी विकसित की गई हैं। इनमें 3 परकोलेशन टैंक, 2 डगवेल, 5 रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, 1 बोरिंग रिचार्ज और 2 चेक डैम शामिल हैं। इन सभी संरचनाओं से अतिरिक्त 7 लाख लीटर पानी का संचयन होने का अनुमान है। इन जल संरक्षण संरचनाओं से न केवल वर्षा जल का व्यर्थ बहना रुकेगा, बल्कि क्षेत्र का भू-जल स्तर भी बढ़ेगा। इस पहल से आसपास के कुएं और बोरिंग फिर से रिचार्ज हो जाएंगे, जिससे ग्रामीणों को भविष्य में पेयजल और सिंचाई की समस्याओं से स्थायी राहत मिलेगी।

पुलिस ने 5 चोरी का किया खुलासा

देवास। बकरों और वाहनों की चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह का पुलिस ने बुधवार को पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में एक नाबालिग सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चार मोटरसाइकिल, एक कार और दो बकरे सहित करीब 15 लाख रुपये का चोरी का माल बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, 1-2 मई की रात ग्राम गदेशियापिपलिया, हवनखेड़ी और संजयनगर क्षेत्रों से मोटरसाइकिल और बकरों की चोरी की शिकायतें मिली थीं। इसके बाद पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देश पर विशेष अभियान चलाते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और डिजिटल ट्रेल के आधार पर संदिग्धों की पहचान की। जांच के दौरान पुलिस ने टोंककला स्थित कंजर डेरे में दबिश दी, जहां से गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने क्षेत्र में हुई सभी चोरियों को अंजाम देना स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपियों में राज झाला (21), युवराज झाला (20), जतिन हाड़ा (19), अमन चौहान (20), महेंद्र कुमावत (30) और एक नाबालिग शामिल है।

डॉ. गर्ग ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से की मुलाकात

बच्चों में बढ़ रहे ऑटिज्म, मानसिक व्यावहारिक जैसे रोग के बारे में बताया

भौरासा। नगर में जन्मे डॉ सुभाष गर्ग ने प्रदेश के मुख्यमंत्री, स्वास्थ मंत्री, अन्य मंत्रियों ने डॉ सुभाष गर्ग एवं उनकी पत्नी प्रियंका गर्ग को शिल्ड प्रमाण पत्र दबकर सम्मानित किया हे व अन्य शहरों में जाकर भी अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे। इसी के चलते चिकित्सक डॉ. सुभाष गर्ग एवं डॉ. प्रियंका गर्ग ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नई दिल्ली स्थित निवास पर शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु ग्रीन एनर्जी (हरित ऊर्जा) के माध्यम से स्वास्थ्य क्षेत्र में संभावित सुधार रहा। विशेष रूप से बच्चों में बढ़ रही मानसिक एवं व्यवहारिक समस्याओं, जैसे ऑटिज्म, के नियंत्रण एवं प्रबंधन पर विचार-विमर्श किया गया। डॉ. गर्ग दंपति ने इस बात पर जोर दिया कि स्वच्छ पर्यावरण, प्रदूषण में कमी तथा सतत ऊर्जा स्त्रोतों के उपयोग से बच्चों के समग्र विकास एवं मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। थेरेपी जोन विकसित करने, प्राकृतिक वातावरण में थेरेपी को प्रोत्साहित करने तथा अभिभावकों में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

गडकरी ने भी हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ समाज की आधारशिला है और इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। बैठक के अंत में डॉ. सुभाष गर्ग एवं डॉ. प्रियंका गर्ग द्वारा नितिन गडकरी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

बोर्ड की दूसरी परीक्षा शुरू, 10 वीं-12वीं के 10 हजार से अधिक छात्र 16 केंद्रों पर दे रहे परीक्षा

देवास। जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं और 12वीं की दूसरी परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो गईं। इन परीक्षाओं में 10 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं, जिनके लिए जिलेभर में कुल 16 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन 16 केंद्रों में से 5 केंद्र देवास शहर में संचालित किए जा रहे हैं।

सुबह 9 बजे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षाएं शुरू हुईं। कई परीक्षा केंद्रों पर निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। जानकारी के अनुसार, कक्षा 10वीं में लगभग 5 हजार और कक्षा 12वीं में 5 हजार से अधिक विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। गुरुवार सुबह परीक्षा शुरू होने से पहले गोपनीय सामग्री को कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया गया। पहले दिन कक्षा 10वीं का हिंदी और कक्षा 12वीं का बायोटेक्नोलॉजी विषय का पेपर आयोजित किया गया। ये परीक्षाएं 7 मई से 14 मई तक संचालित होंगी। परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री पूरी तरह प्रतिबंधित रही। प्रवेश से पहले सभी विद्यार्थियों की गहन जांच की गई और मोबाइल व अन्य सामग्री बाहर ही रखवाई गई। परीक्षार्थियों रणजीत सिंह और रानी सिंह ने बताया कि उन्हें यह दूसरा अवसर मिला है और उन्होंने इसके लिए पूरी तैयारी की है। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने जानकारी दी कि परीक्षाएं पूरी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू की गई हैं। उनकी टीम ने कई सेंटरों का निरीक्षण किया।

भाजपा की जीत पर हर्ष

देवास। भारतीय जनता पार्टी की देश के तीन राज्य में प्रचंड बहुमत से विजय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एवं अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने हर्ष बताया इस अवसर पर आतिशबाजी करके एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया भाजपा बैकलिया सरकार मंडल के अंतर्गत हुए इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष पवन हिंदू वरिष्ठ नेता बाबूलाल राव दिनेश पंचोली शिवप्रसाद राठौर दीपचंद गवली प्रेम नारायण जोनवाल राजेश पटेल ओम प्रकाश तिवारी आदि उपस्थित थे।

सेवादल ने मनाई डॉ हार्डिकर की जयंती, किया मासिक ध्वज वंदन

देवास। कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह दरबार के नेतृत्व में गुरुवार को जवाहर चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय पर सेवादल के संस्थापक स्वर्गीय नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की जयंती मनाई गई साथ ही मासिक झंडा वर्णन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने झंडा वंदन करने के पश्चात संबोधित करते हुए कहा कि डॉ एन एस हार्डिकर सेवादल के संस्थापक के रूप में उन्होंने कांग्रेस को एक ऐसी व्यवस्था सौपी जिसका काम अनुशासन के साथ रहते हुए कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ कांग्रेस पार्टी में अनुशासित सिपाही तैयार करने का काम था वही संगठन आज पूरे देश में एक बड़े संगठन के रूप में उभर कर कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी के रूप में काम कर रहा है। मैं आप सभी को उनकी जयंती पर अपनी शुभकामनाएं देता हूं इसी के साथ कांग्रेस नेता भगवान सिंह चावड़ा, सुधीर शर्मा, उमेश झंवर, मोहनलाल शर्मा, नजर शेख, ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन सेवादल के शहर अध्यक्ष राधाकिशन सोलंकी ने किया एवं आभार युवा बिग्रेड अध्यक्ष गुलाब सिंह ठाकुर ने माना।

निगम ने निकाली स्वच्छता संदेश वाहन रैली

देवास। स्वच्छता सर्वेक्षण के अन्तर्गत शहर में स्वच्छता के प्रति जागरूक करने तथा कचरा संग्रहण वाहनों मे गीला एवं सुखा कचरा अलग अलग डस्टबीनों में डालना तथा अपने घरों के आसपास, मोहल्ले एवं खुले प्लाटों पर कचरा ना डालना एवं स्वच्छता बनाए रखने हेतु संदेश के रूप में 7 मई गुरूवार को नगर निगम द्वारा स्वच्छता वाहन रैली निगम परिसर से निकाली गई।

60 से अधिक वाहनों की इस रैली को निगम स्वास्थ्य समिती अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह बैस के द्वारा स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर महेश सोनी, उपयंत्री जितेन्द्र सिसोदिया, व निगम स्वच्छता की टीम के साथ हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। स्वच्छता संदेश रैली शहर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। इस अवसर पर श्री बैस ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत निगम द्वारा की जा रही तैयारियों हेतु शहर के सभी वार्ड क्षेत्रों में नाला, नालियों की सफाई के साथ रोड डिवाईडर, सार्वजनिक शौचालय, मुत्रालयों की भी सफाई की जाकर प्रमुख स्थानों पर रखे डस्टबीनों को खाली कराया जा रहा है। वाहन रैली का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक कर शहर को साफ स्वच्छ व सुन्दर बनाना है। इस अवसर पर अरूण तोमर, दिनेश मिश्रा, शंकर सांगते, शाहनवाज खान, संस्था ओम सांई विजन, संस्था फीडबेक फाउंडेशन के सदस्यों के साथ बडी संख्या में नागरिकगण व कर्मचारी शामिल रहे।

एक नजर में — अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक दीदी हेमलता शास्त्री वृंदावन के मुखारविंद से चल रही श्रीमद् भागवत कथा का विश्राम

बच्चों को चाहे कार मत दिलाना, लेकिन संस्कार जरूर देना : हेमलता शास्त्री

खातेगांव। स्वाभिमान का जीवन समर्पण का जीवन जियो दान करो तो बार बार गाना नहीं गाना चाहिए और भगवान का शुक्र करो की हम से कुछ दान करा दिया यह भगवान की कृपा है। पड़ोसी हमेशा अच्छा होना चाहिए। जिस दिन तुम घमंड छोड़ देंगे उसी दिन प्रभु की असीम कृपा मिलेगी क्योंकि भगवान जब भी देते हैं छपड फाड़ कर देते हैं। जो भी कार्य आप से कराया है उस के लिये सर्वप्रथम पहले ठाकुरजी को शुक्रिया कहना क्योंकि जो कुछ आप से कराया हैं उस में उन की ही कृपा है। ओर कहना भगवान मेरा आप की कृपा से सब काम हो रहा है,करते हो तुम प्रभु ओर मेरा नाम हो रहा है ।मन में छल कपट रखकर कोई काम नहीं करें, प्रभु के सहारे जो काम हम करते हैं वह कार्य पूर्ण होता है। भगवान पर भरोसा रखने वाले लोगों के सभी काम पूर्ण होते हैं। परीक्षा बहुत लेते हैं भगवान। लेकिन भगवान करुणानिधान है वहां हम पर कृपा करते हैं। बच्चों को कार देना मत देना लेकिन संस्कार आवश्यक देना। बच्चों को धन कम ही देना क्योंकि अधिक धन से बच्चों में धन की कीमत समझ नहीं होगी। उसे इस धन की महत्ता बताएं ।संत का कभी

अपमान मत करना,संतो की परीक्षा मत लो अपन बदल जाओ लेकिन संत के बताएं मार्ग पर चलने मैं ही जीवन का कल्याण है। अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक दीदी हेमलता शास्त्री ने नगर के इंद्रप्रस्थ गार्डन में कथा के विराम दिवस पर उपस्थित जन समूह को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया और कहां की जीवन में संतों की कृपा पाना चाहिए। इस अवसर पर आयोजन समिति के ओम पटेल भील खेड़ी एवं साथियों ने व्यास पीठ पर वृंदावन धाम के पावन जमीन से पहुंची दीदी हेमलता शास्त्री का अभिनंदन किया। इस अवसर पर दीदी के द्वारा संकल्प ब्रजभूमि पर बाबा खाटू श्याम की भूमि हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले दानदाताओं का बाबा खाटू श्याम की माला पहनकर अभिनंदन किया। दादाजी सेवा भक्त मंडल के ओम तिवारी, रामदयाल रावाडिया, पूनम विश्नोई, गोविंद साहू, सुनील अग्रवाल, प्रदीप साहू ने भी व्यास पीठ का पूजन कर दीदी को अवगत कराया की उज्जैन सिंहस्थ 2016 से प्रति गुरुवार दादाजी नाम संकीर्तन एवं अनेक धार्मिक अनुष्ठान दादाजी भक्त मंडल की ओर से क्षेत्र में किए जाते हैं।